# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुवांरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website - msuniversity.ac.in Email ID- registrar@msuniversity.ac.in


पत्रांक : **IWD**/वि0वि0समारोहआयो0/01/2024–25 दिनांक : 22.02.2025

सेवा में,

1. प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बन्ध महाविद्यालय
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।

2. शैक्षणिक समन्वयक
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, परिसर
सहारनपुर।

विषय – अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में गतिविधियां संचालित कराये जाने के विषयक।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक राज्यपाल सचिवालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226027 के पत्र संख्या: ई–1112/32–जी0एस0/2024 XXIII दिनांक 21 फरवरी, 2025 का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में गतिविधियां संचालित कराये जाने के निर्देश कराये जाने के निर्देश दिए गये हैं। इस सम्बन्ध में माननीय कुलपति जी के निर्देषोपरांत कुलसचिव जी द्वारा मुझे विश्वद्यालय नोडल अधिकारी नामित करते हुए विश्वविद्यालय स्तर पर एवं शासन द्वारा बनाये गए समूह–1 के विश्वविद्यालयों में गतिविधियां करने का कार्यभार सौंपा गया है।

उपर्युक्त के सम्बन्ध में होने वाली गतिविधियां/प्रतिस्पर्धाए तथा उनके विभिन्न चक्रों के कार्यक्रम इस पत्र के साथ संलग्न हैं। आपको निर्देशित किया जाता है कि शासन द्वारा तथा विश्वविद्यालय द्वारा जारी निर्देशों को ध्यान में रखते हुए इस पत्र के साथ संलग्न कार्यक्रम के अनुरूप गतिविधियां/प्रतिस्पर्धाएं करा कर महाविद्यालय स्तर पर विजेता प्रतिभागियों की सूची दिए गए गूगल फॉर्म लिक के माध्यम से विश्वविद्यालय को उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतिस्पर्धाओं के विजेता प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय द्वारा आगे द्वितीय चक्र (विश्वविद्यालय समूह स्तर) के लिए नामित किया जाएगा। जहाँ जीतने पर वे राजभवन में दिनांक 08 मार्च, 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस अवसर पर होने वाली प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभाग कर सकेंगे।

संलग्नक – यथोपरि।

नोट– सभी महाविद्यालयों से अनुरोध है कि यदि आपके यहां वुमेन सेल/अध्ययन केन्द्र क्रियाशील है तो उक्त कार्यक्रम वुमेन सेल अथवा अध्ययन केन्द्र के सौजन्य से कराना सुनिश्चित करें।

Google form link.
https://forms.gle/4v9oRT6Nf3ar64Me6

भवदीय,

(प्रो0 ओमकार सिंह)
नोडल अधिकारी
अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस
एवं
प्राचार्य, गोचर महाविद्यालय रामपुर मनिहारान सहारनपुर।

प्रतिलिपि– अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
02. कुलसचिव कार्यालय को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
03. डॉ० विनोद कुमार, जे०वी० जैन डिग्री कॉलेज, सहारनपुर को इस आशय से प्रेषित है कि इस सम्बन्ध में उचित कार्यवाही करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं की सूची अधोहस्ताक्षरी को समयानुसार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
## (पुवांरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website - msuniversity.ac.in Email ID- registrar@msuniversity.ac.in


पत्रांक : **IWD**/वि0वि0समारोहआयो0/02/2024–25 दिनांक : 22.02.2025

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस (08 मार्च, 2025) के अवसर पर आयोजित होने वाली प्रतिस्पर्धाएं निम्नवत होंगी –

(क) भाषण प्रतियोगता जिसके विषय निम्नवत होगें –

1. दहेज प्रथा उन्मूलन
2. बाल विवाह पर प्रतिबंद
3. विकसित भारत की संकल्पना
4. वृद्धाश्रम की जरूरत क्यों है ?
5. कृषि क्षेत्र में महिलाओं का योगदान

(ख) नाट्य प्रस्तुत (नाट्य प्रस्तुति में 8 से 10 छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जा सकता है) जिसके विषय निम्नवत हैं–

1. अहिल्या बाई होलकर
2. द्रोपदी वस्त्रहरण
3. श्रवण कुमार की माता–पिता के प्रति भक्ति
4. भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया उपदेश
5. राम वनवास
6. भरत मिलाप

प्रतिस्पर्धा के विभिन्न चक्र निम्नानुसार होगें–

| क्र0सं0 | विभन्न स्तर | आयोजन की तिथि | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | महाविद्यालय स्तर (प्रथम चक्र) | 27.02.2025 | विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्तर पर प्रतिस्पर्धा आयोजित कर प्रथम व द्वितीय का चयन किया जायेगा। इसके पश्चात् उन विजेताओं की विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिस्पर्धा आयोजित कर प्रथम व द्वितीय का चयन किया जायेगा। महाविद्यालय विजेताओं की सूची गूगल फार्म पर रजिस्टर कराना सुनिश्चित करें। |
| 2. | विश्वविद्यालय स्तर (द्वितीय चक्र) | 01.03.2025 | माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय में सभी महाविद्यालय स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं की प्रतियोगिता होगी। जिसमें पुनः विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय विजेताओं का चयन किया जायेगा। |
| 3. | अर्न्त–विश्वविद्यालय स्तर | अधिसूचित किया जाएगा | माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय में चयनित प्रथम एवं द्वितीय छात्र–छात्राएं 06 विश्वविद्यालयों के समूह के विजेताओं के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। |
| 4. | राजभवन स्तर (तृतीय चक्र) | 08.03.2025 | उत्तर प्रदेश राजभवन में प्रदेश स्तरीय प्रतिस्पर्धा आयोजित की जायेगी। विजेता छात्रों/टीम के मध्य राजभवन में इन प्रतिस्पर्धाओं (जैसा उक्त प्रस्तर–ख में अंकित है) को दिनांक 08.03.2025 को आयोजित किया जायेगा, जिसकी अध्यक्षता मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा की जायेगी। |

नोट – महाविद्यालय स्तर पर विजेता प्रतिभागीयों की सूची दिनांक 27.02.2025 तक दिये गये गूगल फॉर्म लिंक पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सूची में भेजे गये प्रतिभागी की विश्वविद्यालय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेगें।

Google form link.
https://forms.gle/4v9oRT6Nf3ar64Me6

(प्रो0 ओमकार सिंह)
नोडल अधिकारी
अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस
एवं
प्राचार्य, गोचर महाविद्यालय रामपुर मनिहारान सहारनपुर।